अत्यावश्यक
स्मरण–पत्र

राजस्थान सरकार
निदेशालय स्थानीय निकाय राज0,जयपुर

क्रमांकःएस्टे/एम/एफ.10( )आरएमएस(टी)/डीएलबी/17/8432-8622 दिनांकः 13/7/17

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी
नगर निगम/परिषद्/पालिका,
समस्त राजस्थान।

विषयः– नगर निकायों में सहायक अभियन्ता सिविल, कनिष्ठ अभियन्ता सिविल, विद्युत एवं यान्त्रिकी के स्वीकृत व रिक्त पदों की पूर्ति की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव भिजवाने हेतु।

प्रसंगः– विभागीय पत्र कमांक 6307–6497 दिनांक 10.05.2017

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र द्वारा राज्य के समस्त नगर निकायों में सहायक अभियन्ता सिविल, कनिष्ठ अभियन्ता सिविल, विद्युत एवं यान्त्रिकी के स्वीकृत व रिक्त पदों की सीधी भर्ती के माध्यम से पूर्ति किये जाने के क्रम में आपके नगर निकाय में स्वीकृत रिक्त पदों को भरे जाने की आवश्यकतानुसार प्रस्ताव एवं नगर निकाय की आर्थिक स्थिति की जानकारी विभाग को अविलम्ब भिजवावें कि संबंधित निकाय उक्त पदों पर नियुक्ति से होने वाले आर्थिक व्यय–भार को वहन करने में सक्षम है अथवा नहीं। साथ ही यदि किसी नगर निकाय को उपरोक्त स्वीकृत पदों पर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता की आवश्यकता नहीं है, तो इसकी स्पष्ट जानकारी भी तीन दिवस में विभाग को हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु वांछित सूचना कुछ ही नगर निकायों द्वारा विभाग को भिजवाई गई है जबकि कुछ निकायों से अस्पष्ट सूचना प्राप्त हुई है जिससे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही बाधित हो रही है।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि नगर निकायों में सहायक अभियन्ता (सिविल) तथा कनिष्ठ अभियन्ता सिविल/विद्युत/यान्त्रिकी के स्वीकृत व रिक्त पदों को सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने के क्रम में उपरोक्तानुसार वांछित सूचना विभाग को आज ही भिजवावें।

(मुकेश कुमार मीणा)
अतिरिक्त निदेशक

कमांकःएस्टे/एम/एफ.10( )आरएमएस(टी)/डीएलबी/17/8623-8629 दिनांकः 13/7/17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. उप निदेशक (क्षैत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर, अजमेर, उदयपुर, भरतपुर को भेजकर लेख है कि वांछित जानकारी विभाग को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करावें।

(मुकेश कुमार मीणा)
अतिरिक्त निदेशक